दिनांक : 29.03.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत प्रथम बन गया है देश की विदेश नीति का मूल मंत्र।
- प्रदेश में वर्षा जल की बूंद-बूंद बचाने के लिए आज से शुरू होगा जल गंगा संवर्धन अभियान।
- मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने कहा कि आने वाले समय में सभी विश्वविद्यालय आर्थिक रूप से समर्थ और सक्षम होंगे।
- भारतीय खिलाड़ी अनाहत सिंह ने जेएसडब्ल्यू इंडियन ओपन स्क्वैश का खिताब जीता।

पीएम-टीवी नाइन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि "भारत प्रथम" देश की विदेश नीति का मूल मंत्र बन गया है। भारत, अब न केवल विश्व व्यवस्था में भाग ले रहा है, बल्कि भविष्य को आकार देने और उसे सुरक्षित करने में भी योगदान दे रहा है। श्री मोदी, कल नई दिल्ली में एक निजी टीवी चैनल द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले भारत की विदेश नीति सभी से दूरी बनाए रखने की थी, लेकिन अब सभी के साथ मिलकर काम करने की है।

राष्ट्रपति - एनजीटी सम्मेलन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली में पर्यावरण पर राष्ट्रीय सम्मेलन-2025 का उद्घाटन करेंगी। दो दिन के सम्मेलन में पर्यावरण विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण पर्यावरणीय मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर मिलेगा। सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय हरित अधिकरण-एनजीटी कर रहा है।

सम्मेलन में चार प्रमुख तकनीकी सत्र होंगे, जिनमें जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण नियंत्रण, जैव विविधता संरक्षण और सतत विकास सहित पर्यावरण के समक्ष चुनौतियों पर चर्चा की जाएगी। इन सत्रों का उद्देश्य भारत और विश्व स्तर पर पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में सार्थक संवाद और सहयोग को बढ़ावा देना है।

जल गंगा संवर्धन अभियान

प्रदेश में वर्षा जल की बूंद-बूंद बचाने के लिए कल से जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल उज्जैन स्थित क्षिप्रा तट पर जलाभिषेक के साथ अभियान का शुभारंभ करेंगे । यह प्रदेशव्यापी अभियान 30 जून तक तक लगातार चलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री हर दिन एक छोटी-बड़ी जल संरचना का लोकार्पण करेंगे। जल संरक्षण के इस अभियान से प्रदेश में भूजल स्तर में सुधार आएगा। आगरमालवा जिले में प्रत्येक नगरीय निकाय एवं प्रत्येक ग्राम पंचायत में जनसमुदाय की उपस्थिति में जल संरक्षण व संवर्धन के एक-एक कार्य प्रारंभ होंगे।

गेंहू उपार्जन

प्रदेश में सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन किया जा रहा है। किसान भी बढ़ चढ़कर अपनी फसल की बिक्री कर रहे हैं। इस वर्ष अभी तक न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की बिक्री के लिये 13 लाख 98 हजार किसानों ने पंजीयन करवाया है। पंजीयन की अंतिम तारीख 31 मार्च है।

प्रधानमंत्री - मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वी कड़ी होगी। इसका प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए.आई.आर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। 'मन की बात' कार्यक्रम का लाइव स्ट्रीम आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, पीएमओ तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा।

मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में विश्वविद्यालय को परंपरागत संकायों के साथ-साथ वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रम संचालित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के ज्ञान विज्ञान भवन में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपने-अपने क्षेत्र में डेयरी टेक्नोलॉजी, कृषि जैसे व्यावसायिक दक्षता के पाठ्यक्रम संचालित करें।

आकाशवाणी-नवरात्रि

आकाशवाणी का यूट्यूब चैनल- आराधना नवरात्रि के पावन अवसर पर विशेष कार्यक्रम प्रसारित करेगा। श्रोताओं को कल से 6 अप्रैल तक गहन आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करने के लिए आकाशवाणी तैयार है।

आराधना चैनल विशेष भक्ति कार्यक्रमों के जरिये त्योहारों के मर्म और उनके मूल तत्व को पहुँचाएगा। हर दिन के महत्व को उजागर करते हुए, चैनल सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत करेगा।

लोकमाता समापन समारोह

लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के समापन अवसर पर 29 से 31 मई तक राजधानी भोपाल सहित विभिन्न स्थानों पर तीन दिवसीय कार्यक्रम होंगे। इनमें 31 मई को लोकमाता पर केन्द्रित स्मारिका का लोकार्पण भी शामिल है। यह जानकारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कल समारोह समिति की बैठक में दी गयी।

बैठक में प्रमुख सचिव संस्कृति शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि लोकमाता द्वारा अनेक मंदिरों का जीर्णोद्धार भी कराया गया। ऐसे ज्ञात 118 स्थानों में से 90 स्थानों पर 234 चित्रांकन वॉटर कलर द्वारा तैयार करवाए गए। वहीँ, विश्व मांगल्य सभा नागपुर से एक नृत्य नाट्य तैयार करवाया गया जो लोकमाता के जीवन की झलक प्रस्तुत करता है। इसकी प्रस्तुति प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर प्रारंभ की गई है।

स्क्वैश-इंडियन ओपन

स्क्वैश में, स्टार भारतीय खिलाड़ी अनाहत सिंह ने मुंबई में जेएसडब्ल्यू इंडियन ओपन का खिताब जीत लिया है। महिला एकल फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त अनाहत ने हांगकांग की हेलेन टैंग को 11-9, 11-5, 11-8 से हराया। इस जीत से 17 वर्षीय अनाहत को 300 रैंकिंग अंक मिले। पुरुष एकल फाइनल में भारत के अभय सिंह को मिस्र के करीम एल टॉर्की से हार का सामना करना पड़ा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज अशोकनगर जिले के तीन दिवसीय दौरे पर आ रहे है। वे विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 31 मार्च को खरगोन जिले के महेश्वर में देवी अहिल्या बाई होल्कर के त्रि-शताब्दी जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित राष्ट्र समर्था देवी अहिल्या की पुण्य गाथा नाट्य कार्यक्रम में शामिल होंगे।
- सतना जिले के उचेहरा में राज्य शासन ने नवीन औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए 13 करोड़ 84 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है।
- अनूपपुर के एकलव्य आवासीय विद्यालय सभागार में आज सूर्य उपासना कार्यक्रम' आयोजित किया गया है। जिसमें रीवा से आए दल द्वारा सम्राट विक्रमादित्य की नाट्य प्रस्तुति दी जाएगी।
- डिंडोरी में मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ओंकार सिंह और डॉ. निवेदिता शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक बैठक आयोजित की गई।

- झाबुआ में आयोजित मिलेट मेला सह कार्यशाला में कार्यक्रम में कल महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने मोटे अनाज को अनाजो के पुरखे बताते हुए इन्हे घर-घर तक पहुँचने का आव्हान किया।
- पन्ना में छतरपुर निवासी मजदूर रामाधीन पटेल को 10 दिनों के अंदर दो हीरे मिले हैं। जिनका वजन एक कैरेट से ज्यादा है।
- छतरपुर में 1अप्रैल से 5 अप्रैल तक जिला पंचायत प्रांगण मे पुस्तक और गणवेश मेला आयोजित किया जाएगा।
- नर्मदापुरम जिले में विक्रमोत्सव 2025 के तहत कल विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रातः कालीन सूर्य उपासना और ब्रह्म ध्वज फहराने का आयोजन प्रसिद्ध सेठानी घाट में होगा।
- शिवपुरी जिले में नवरात्र में मंदिरों को सजाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। चैत्र नवरात्र में राज राजेश्वरी माता मंदिर, कैला माता मंदिर, काली माता मंदिर पर नौ दिन मेला जैसा माहौल रहता है।

-------